Rajshree
PAGE NO.:
DATE:

व्याकरण

संज्ञा किसे कहते हैं ? यह कितने प्रकार की होती है ? भेदों के नाम लिखकर परिभाषा भी लिखो।

संज्ञा -> किसी प्राणी, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।

संज्ञा के तीन भेद होते हैं।

1 व्यक्तिवाचक संज्ञा

2 जातिवाचक संज्ञा

3 भाव वाचक संज्ञा

1 परिभाषा व्यक्तिवाचक संज्ञा -

किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम को व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं।

उदाहरण - भारत, अमेरिका, हिमालय गंगा, यमुना, ताजमहल आदि।

2 जातिवाचक संज्ञा

जिस संज्ञा शब्द से किसी प्राणी, स्थान या वस्तु की संपर्ण जाति का बोध होता है, उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं।

उदाहरण - पर्वत, नदी, दिन, महीना, पशु, पक्षी, वृक्ष बालक आदमी, फल आदि

(P.T.O)

Rajshree
PAGE NO.:
DATE:

परिभाषा भाववाचक संज्ञा - जिस संज्ञा शब्द से किसी व्यक्ति या वस्तु के गुण - दोष, भाव, अवस्था आदि का पता चले, उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

उदाहरण - वीरता, कायरता, शांति, उदासी, दया, प्रेम, क्रोध, हार - जीत, दुख, खुशी आदि।